# मनरेगा कर्मी मंत्री के आवास पर धरना पर बैठे, मांगें पूरी नहीं होने तक हड़ताल

**कहा- अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो सरकार को अर्श से फर्श पर लाने का काम करेंगे**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यभर के मनरेगा कर्मचारियों ने सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के रांची स्थित आवास के समक्ष धरना दिया। 22 जुलाई से सेवा स्थायीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालिन हड़ताल कर रहे मनरेगा कर्मियों ने इस अवसर पर एक स्वर से कहा कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो सरकार को अर्श से फर्श पर लाने का काम करेंगे।



मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि मनरेगा कर्मी इस बार सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और वेतनमान के लिए आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों के बहकावे में मंत्री इरफान अंसारी अनर्गल बयान दे रहे और कह रहे हैं कि तीन वर्ष के पहले मानदेय बढाने का कोई प्रावधान नहीं है। जबकि, दूसरे राज्यों में हर साल मनरेगा कर्मियों को 10 फीसदी तक मानदेय बढ़ जाता है। स्वयं झारखंड सरकार के मनरेगा कोषांग के कर्मियों को ग्रेड-पे की सुविधा मिल रही है, जबकि वास्तविक कामगार को पूछा नहीं जा रहा है।

उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि सौहार्दपूर्ण वार्ता कर अविलंब उनकी मांगों को पूरा कराने का ठोस पहल करें, अन्यथा हड़ताल को नहीं तोड़ा जायेगा।

## पूजा पंडाल श्रमिकों को डेंगु मलेरिया से बचाव की अपील

**रांची।** रांची जिला दुर्गा पूजा आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अशोक पुरोहित ने आगामी दुर्गा पूजा व अन्य महोत्सव को लेकर स्थानीय जिला प्रसाशन से अपील की है कि शहर में दुर्गा पूजा का उत्सव जोर-शोर से आयोजित किया जाता है, ऐसे में वर्तमान समय में डेंगु व मलेरिया का फैलाव शहर में चारों ओर है। ऐसे विषम समय को नजर अंदाज नहीं करते हुए स्थानीय जिला प्रशासन से अपील करते हैं कि मुख्यत: कई आयोजन समिति के खूंटी पूजन का कार्य सम्पन्न हुआ है एवं बाहर से पंडाल निर्मित हेतु श्रमिक पूजा पंडाल परिसर में ही निवास करते हुए दिन-रात पंडाल साज-सज्जा का निर्माण कार्य कर रहे हैं। ऐसे में श्रमिकों के स्वास्थ्य व बचाव हेतु केमिकल का छिड़काव, स्प्रे व ब्लीचिंग सहित अन्य साफ-सफाई कराई जाए।

## खबर एक नजर में

### साईं टीवीएस की तीसरी शाखा कमड़े में शुरू



**रांची।** टीवीएस मोटर कंपनी के मुख्य डीलर साईं टीवीएस ने कमड़े में अपनी तीसरी शाखा का उद्घाटन किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान कंपनी की ओर से पूर्वी भारत में टीवीएस जुपिटर की नई स्कूटर लांच की गई। निवेद चौधरी ने बताया कि उनके शोरूम और सर्विसिंग सेंटर पर ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं दी जाती हैं। एरिया मैनेजर अनुराग सिंह ने बताया कि स्कूटर में ऑल एलईडी फ्रंट एंड बैक डीआरएल लाइट सहित कई खूबियां हैं। मौके पर साईं ऑटो के निदेशक प्रेमनाथ चौधरी, अमरनाथ चौधरी, विनोद चौधरी व निवेद चौधरी मौजूद थे।

### विस अध्यक्ष से रखी 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग



**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने रविंद्र नाथ महतो विधानसभा अध्यक्ष से सोमवार को उनके आवास पर मिलकर महासंघ के 23 सूत्री मांग पत्र को सौंपा। अपने 23 सूत्री मांग पत्र देखकर राज कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने एवं सचिवालय से लेकर मुफस्सिल प्रखंड तक के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति देने, अनुबंध कर्मियों पराक्रमियों संविदा और दैनिक कर्मियों का समायोजन शिक्षकों को एमएसपी का लाभ देन्रे सहित अन्य मांगें शामिल है। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने सौहार्दपूर्ण रूप से मुख्यमंत्री झारखंड को एक पत्र के माध्यम से राज्य हित एवं कर्मचारी हित में उचित कार्रवाई करने की अनुशंसा करेंगे।

## काला झंडा शनि मंदिर पंडरा में भादो अमावस्या मनाया गया

**रांची।** काला झंडा शनि मंदिर पंडरा रांची में भादो अमावस्या के शुभ अवसर पर सोमवार को शनि महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पंडरा काला झंडा शनि मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं ने शनि देव का सरसो तेल से अभिषेक कर सुख-समृद्धि मांगी। जीवन से सारे कष्ट दूर करने की प्रार्थना की। पंडरा स्थित काला झंडा शनि मंदिर में विशेष अनुष्ठान हुआ। अनुष्ठान की शुरूआत प्रात: 8बजे मंदिर में काला झंडा के ध्वजारोहण से हुई। प्रात: काल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर परिसर में काला ध्वज लगाया गया। इसके बाद शनि के विग्रह का जलाभिषेक, तेल अभिषेक किया गया। भगवान को काला व नीला कपड़ा, लोहा, काली उड़द, तिल, नीला फूल, अकवन फूल, गुड़, दही आदि समर्पित किए गए। वहीं, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने छाया दान भी कराया। संध्या आरती के साथ ही शनि महोत्सव संपन्न हुआ। आयोजन में रणजीत महली, पूर्णिमा कुमारी, मंजू सिन्हा, किशन सिंह,घनश्याम साहू, रीना देवी, योगेंद्र सिन्हा, विनय गुप्ता, अनुपमा देवी, अमोल वर्मा आदि की सराहनीय उपस्थिति रही।

## 28 पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर आज


खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची जिला के 28 पंचायतों में शिविर लगाया जाएगा। साथ ही रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 13, 14, 15, 16 एवं 17 में भी कैंप लगेगा। जानकारी के मुताबिक कैंप में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन लिए जाएंगे। ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण एवं शिकायतों का निवारण भी कैंप में किया जा रहा है।

**इन पंचायतों में लगेगा शिविर**

| | | |
|---|---|---|
| अनगड़ा पंचायत, अनगड़ा | मुरमा पंचायत, माण्डर | तेलवाडीह पंचायत, सोनाहातू |
| लुपूंग पंचायत, अनगड़ा | कुदलौंग पंचायत, नगड़ी | सोनाहातू पंचायत, सोनाहातू |
| बेड़ो पंचायत, बेड़ो | खिजरी पंचायत, नामकुम | उलीडीह पंचायत, तमाड़ |
| केशापुरियों पंचायत, बेड़ो | हाहाप पंचायत, नामकुम | मरधान पंचायत, तमाड़ |
| तुन्जू पंचायत, बुण्डू | गगारी पंचायत, ओरमांझी | **निगम क्षेत्र के पांच वार्ड** |
| गुरगाई पंचायत, बुढ़मू | कुच्चू पंचायत, ओरमांझी | वार्ड नंबर-13, वार्ड कार्यालय सामलौंग |
| खखरा पंचायत, बुढ़मू | ओरमांझी पंचायत, ओरमांझी | वार्ड नंबर-14, वार्ड कार्यालय, बहु बाजार, चुटिया |
| कुंदी पंचायत, ईटकी | डोकाद पंचायत, राहे | वार्ड नंबर-15, वार्ड कार्यालय, सिरम टोली |
| गागी पंचायत, कांके | गुडू पंचायत, रातु | वार्ड नंबर-16, वार्ड कार्यालय, कर्बला चौक |
| बुकबुका पंचायत, खलारी | बाजपुर पंचायत, रातु | |
| लतरातु पंचायत, लापुंग | मूरी पूर्वी पंचायत, सिल्ली | |
| बरगड़ी पंचायत, माण्डर | मूरी पश्चिमी पंचायत, सिल्ली | |

## सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान - 2024 के अंतर्गत सीसीएल के सतर्कता विभाग एवं गांधीनगर अस्पताल ने सोमवार को संयुक्त रूप से डीएवी, गांधीनगर में चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में कुल 40 छात्रों ने भाग लिया।

ज्ञात हो कि सीसीएल में 16 अगस्त से 15 नवंबर, 2024 तक सतर्कता जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान क्षमता निर्माण, डिजिटल की उपयोगिता, शिकायतों का निष्पादन आदि पर विशेष बल दिया जा रहा है।

यह कार्यक्रम निवारक सतर्कता प्रथाओं में छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक आउटरीच पहल के रूप में आयोजित किया गया था। सीसीएल मुख्यालय के साथ-साथ सभी क्षेत्रों, अस्पतालों एवं सीसीएल के अन्य इकाईओं में भी सतर्कता से सम्बंधित कार्यक्रम किया जा रहा है।

## एसएस मेमोरियल कॉलेज में शांति शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज व राज विद्या केंद्र रांची सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कॉलेज के सभागार में मानवता व आंतरिक शांति विषय पर शांति शिक्षा कार्यक्रम, वीडियो प्रोग्राम के माध्यम से दिखाया व सुनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति दूत के रूप में प्रेम रावत जाने जाते हैं और जिस विषय की ये चर्चा करते हैं, वह इस धरातल पर हर एक मनुष्य से संबंध रखता है। चाहे वह किसी भी जाति धर्म या संप्रदाय से क्यों ना हो, उनका संदेश सीधे तौर पर विशुद्ध रूप से प्रत्येक मानव मात्र के लिए है।



इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ समर सिंह, नागपुरी विभागाध्यक्ष प्रो राजेश कुजूर, इंग्लिश विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सीमा सुरीन, संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ लक्ष्मी कुमारी, गणित विभागाध्यक्ष डॉ अनुपमा सिंह, डॉ प्रेमा कुमारी, डॉ राजश्री इंदवार, डॉ संजय सरंगी, डॉ मुकेश ऊराव, डॉ अभिषेक गुप्ता, डॉ त्रिभुवन शाही, डॉ उषा कीड़ो, डॉ नेम्हा डॉ प्रांजल शाह, रोनित सहित सैकड़ों विद्यार्थियों उपस्थित हुए।

### बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सुलेख प्रतियोगिता एंव राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन




**रांची।** हिन्दी माह के उपलक्ष्य में बैंक ऑफ इंडिया, द्वारा सुलेख प्रतियोगिता एंव राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। प्रबंधक ने कहा कि हिन्दी भाषा जन-जन कि भाषा है जो यहाँ की जनता को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। अत: बैंक की भाषा वही है जो जन-जन की भाषा है। हमेशा से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और आगे भी इस परंपरा को कायम रखेगा और हिन्दी भाषा से संबंधित संविधान की अपेक्षाओं को पूरा करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। प्रतोयोगिता के पश्चात विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों में भी हिन्दी भाषा के बढ़ावे को लेकर काफी सकारात्मक विचार देखने को मिला।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन का डीपीआर बनने में लगेगा दो माह का समय

**झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने हाई कोर्ट को बताया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने हाई कोर्ट को बताया है कि कांके स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन के डीपीआर निर्माण में दो माह का समय लगेगा। कॉरपोरेशन पैसा मिलने पर दो माह में इसका डीपीआर बनाकर राज्य सरकार को सौप सकती है। इसके बाद सीआरएस के तहत सीसीएल, सेल आदि के फंडिंग से लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा सकेगा। वहीं पुलिस हाउसिंग बोर्ड कॉरपोरेशन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लॉ यूनिवर्सिटी के निकट पुलिस आउटपोस्ट के निर्माण का 35% काम पूरा हो चुका है, इसका स्ट्रक्चरल काम पूरा कर लिया गया है।

हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की बाकी बची जमीन पर बाउंड्री वॉल के संबंध में सरकार से इंस्ट्रक्शन लेने का निर्देश दिया है ताकि इस जमीन का अतिक्रमण न हो सके। कोर्ट के मामले की अगली सुनवाई 10 अगस्त निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने सोमवार को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी कांके को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई की।

पूर्व में झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन ने कोर्ट को बताया था कि वह किसी भी भवन का डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेक्ट का कुल लागत का 10% राशि चार्ज लेता है। बता दें कि बार एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है।

## एनएसयूआइ ने इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एवं डोरंडा कॉलेज में ऑनलाइन मेंबरशिप ड्राइव चलाया

**देश का सबसे बड़ा और लोकतांत्रिक छात्र संगठन है एनएसयूआइ : कुणाल शहरावत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड एनएसयूआइ ने सोमवार को इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज और डोरंडा कॉलेज में एनएसयूआइ की ऑनलाइन मेंबरशिप ड्राइव चलाया। प्रदेश प्रभारी कुणाल शहरावत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा और लोकतांत्रिक छात्र संगठन है एनएसयूआइ। ये छात्र संगठन छात्र-छात्राओं की आवाज बनता है और मजबूती के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन एवं सरकार के समक्ष आपकी बातों को रखता है। आप सभी लोग एनएसयूआई से जुड़े और अपने लिए और सभी छात्र-छात्राओं के लिए आवाज उठाएं।



प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से पूरे झारखंड में मेंबरशिप ड्राइव अभियान की शुरुआत की है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष रांची अमन अहमद, अंकिता शेखर, गुलशन कुमार, इकबाल अख्तर, सरफराज अहमद, हरी, सैफ आदि लोग उपस्थित थे।

### आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में नैक टीम के अधिकारियों ने किया दौरा

**रांची।** आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, को नैक ग्रेडिंग के लिए सेल्फ स्टडी रिर्पोट (एस० एस० आर०) की स्वीकृति राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से प्राप्त हो गई है। अब नैक टीम महाविद्यालय में विजिट करेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० रामकेश पाण्डेय ने महाविद्यालय की तैयारी के लिए अहम बैठक कर सभी जरूरी आवश्यक निर्देश दिए। वे पिछले छ: माह से इस काम में लगे हुये हैं, और मूलभूत सुविधाओं सहित छोटी सी छोटी बातों का ध्यान रखा जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में महाविद्यालय की प्रबंधन समिति की ओर से प्रो० अशोक कुमार चौधरी, डॉ० राजकुमार शर्मा, डॉ० रामकिशोर सिंह, मा० भानु प्रकाश जालान, राम अवतार नारसरिया की सहरानीय भूमिका रही। आई०क्यू०ए०सी० समन्वयक सहित सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक बन्धु- भागिनी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## संतोष कोलकुंडा बने प्रदेश कांग्रेस वार रूम के प्रभारी, कांग्रेस नेताओं दी बधाई



**श्री कोलकुंडा ने भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर संतोष कोलकुंडा को वार रूम का चेयरमैन मनोनीत किया है।

इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने बताया कि संतोष कोलकुंडा मूल रूप से तेलंगाना राज्य के हैं और वर्तमान में अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव पद पर हैं। श्री कोलकुंडा भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव, कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, मदन मोहन शर्मा, जयशंकर पाठक, रविन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान, सोनल शान्ति ने संतोष कुमार कोलकुडा को बधाई दी।

## झारखंड में गठबंधन के बावजूद कांग्रेस की 81 विधानसभा सीटों पर तैयारी के क्या हैं मायने?

सत्येन्द्र

**रांची।** इंडिया गठबंधन के अस्तित्व में रहने के बावजूद झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा 81 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची मांगना कुछ अलग ही संकेत दे रहा है। प्रदेश कांग्रेस के सूत्रों की मानें तो झारखंड के 81 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए लगभग तीन हजार दावेदारों ने अलग-अलग विधानसभा सीटों से अपनी दावेदारी पेश कर प्रदेश कार्यालय में अपना आवेदन दिया है। इस स्थिति में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा गठित तीन सदस्यीय स्क्रीनिंग कमेटी को भी उम्मीदवारों के चयन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद पिछले दिनों उम्मीदवारों के चयन को लेकर स्क्रीनिंग कमिटी की टीम दो दिवसीय दौरे पर रांची आकर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन कर राज्य की 81 विधानसभा सीटों पर संभावित उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग कर वापस दिल्ली लौट गयी है।

इधर झारखंड के राजनीतिक गलियारों में सवाल यह उठने लगा है कि झारखंड में जब कांग्रेस को इंडिया ब्लॉक के तहत चुनाव लड़ना है। प्रदेश प्रभारी पूर्व में 33 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की मंशा भी जता चुके हैं। ऐसे में 81 विधानसभा सीट के लिए चुनाव लड़ने को इच्छुक कांग्रेसजनों से आवेदन क्यों मंगाए गये हैं। सवाल यह भी उठने लगा है कि क्या गठबंधन को लेकर कांग्रेस आलाकमान कुछ अलग सोच रहा है।

इस संबंध में राजनीति के जानकारों का कहना है कि चुनावी राजनीति में राजनीतिक दलों के बीच कुछ भी संभव है। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस आलाकमान ने आगे की सोच रखते हुए यह कदम उठाया है। गठबंधन नहीं बन पाने की संभावित स्थिति को ध्यान में रखकर कांग्रेस वैकल्पिक तैयारी को मुकम्मल करना चाहती है या फिर अपने सभी 81 विधानसभा सीट से आवेदन मंगाकर कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं और संभावित उम्मीदवारों के उत्साह को बनाये रखने के लिए उनकी स्क्रीनिंग की प्रक्रिया शुरू की है ताकि कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे।

**कहीं गठबंधन नहीं हो पाने की स्थिति की तैयारी तो नहीं?**

वर्तमान में झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के साथ महागठबंधन में हैं। 2019 में झामुमो को 43, कांग्रेस को 31 और राजद को 07 सीटें मिली थीं। इस बार झामुमो 2019 से अधिक सीट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुका है तो कांग्रेस 33 और राजद 22 सीटों की दावेदारी कर रहा है। ऐसे में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू, इससे इनकार भी नहीं करते। जगदीश साहू कहते भी हैं कि अगर दुर्भाग्य से भी गठबंधन नहीं बन पाता है तो अचानक कोई परेशानी न हो इसलिए कांग्रेस सभी 81 सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है। वे कहते हैं कि गठबंधन बने रहने की स्थिति में हमारी 81 विधानसभा सीट पर चुनावी तैयारी का लाभ सहयोगी दलों को भी मिलेगा। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता भी उत्साह से लवरेज रहेंगे।

### गृहरक्षकों को यातायात का विशेष प्रशिक्षण दे कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया



**रांची।** राजधानी रांची में यातायात सुगम बनाने के लिये धुर्वा में डेढ़ सौ गृहरक्षकों को यातायात का विशेष ट्रेनिंग दी गयी। मौके पर मौजूद डीआइजी अनूप बिरथरे ने सभी को प्रशिस्त पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### श्री श्याम मोहत्सव का भव्य आयोजन 5 सितम्बर को

**रांची।** झारखण्ड राज्य की पुरानी धार्मिक संस्था श्री श्याम मण्डल द्वारा 57 वें चार दिवसीय श्री श्याम मोहत्सव का भव्य आयोजन 5 सितम्बर से 8 सितम्बर तक किया जायेगा। श्री श्याम मण्डल द्वारा आयोजित श्री श्याम मोहत्सव श्याम जगत में एक विशिष्ठ स्थान रखता है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

**स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट हुई सच साबित**

# घुसपैठ को लेकर झारखंड में एक बार गरमायी राजनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद झारखंड पुलिस इस मामले में जांच कर कार्रवाई कर रही है। वहीं, संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर लगातार राजनीति भी गरम हो गयी। पूर्व में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर झारखंड पुलिस का स्पेशल ब्रांच भी अलर्ट जारी कर चुका है। इस बीच तीन जुलाई को झारखंड हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह कार्य योजना तैयार कर संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ पर ब्रेक लगाए। झारखंड के संथाल परगना प्रमंडल के रास्ते बांग्लादेशी घुसपैठ लगभग एक दशक से होता आ रहा है। अब यह समस्या जटिल रूप ले चुकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या वाकई झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ महज एक संयोग है या एक गहरी साजिश। झारखंड के संथाल परगना के पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, राजमहल, गोड्डा और दुमका में बड़ी संख्या में अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों का अलग-अलग माध्यम से आने की सूचनाओं मिलते रहती है।

### लगातार जनसंख्या में हो रहा है बदलाव

साल 2001 की जनगणना में दुमका की जनसंख्या 11 लाख 7 हजार के करीब थी। वहीं, वर्ष 2011 में दुमका की जनसंख्या बढ़कर लगभग 14 लाख हो गई। आंकड़े बताते हैं कि संथाल के सभी 6 जिलों में 12 लाख से ज्यादा नई आबादी बस गई है।

### पाकुड़ में सबसे अधिक बढ़ी मुस्लिम आबादी

संथाल में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी पाकुड़ में बढ़ी है। पाकुड़ में मुस्लिम आबादी में करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, साहिबगंज में मुस्लिम आबादी में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है बांग्लादेशी घुसपैठ को माना जा रहा है। संथाल परगना के छह जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने में वहां के जमीन दलालों की सबसे बड़ी भूमिका है। गिफ्ट डीड के जरिए जमीन दलाल बांग्लादेशियों को बसा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि झारखंड गठन के बाद संथाल परगना में जमाबंदी की गई जमीन खरीदने वालों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से इजाफा हुआ है।

### नकली बर्थ सर्टिफिकेट पर रह रहे बांग्लादेशी

13 दिसंबर, 2023 को भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स ने एक दस्तावेज जारी किया था, जिसमें यह बताया गया था कि 120 से ज्यादा नकली वेबसाइट के जरिए नकली बर्थ सर्टिफिकेट बनाए जा रहे हैं। पत्र के जरिए झारखंड को लेकर विशेष रूप से आगाह किया गया था। दो जून, 2023 को झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान और डीसी को एक पत्र लिखा था। स्पेशल ब्रांच ने लिखा था कि झारखंड राज्य अंतर्गत संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश करने की सूचना है। स्पेशल ब्रांच को मिली जानकारी के अनुसार बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहले विभिन्न मदरसों में ठहराया जाता है। इसके बाद उनका सरकारी दस्तावेज तैयार किया जाता है और फिर उनका नाम मतदान मतदाता सूची में शामिल कर लिया जाता है। मतदाता सूची में शामिल होने के बाद साजिश के तहत उन्हें वहां बसा दिया जाता है।

## खलारी स्टेशन से संदिग्ध बांग्लादेशी युवक हिरासत में

**बिन कागज कर लिया प्रवेश, कहा ट्रेन में सफर कर ढाका गये थे और वहां से यहां, पुलिस की छानबीन जारी है**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने खलारी स्टेशन पर संदिग्ध युवक की सूचना पर छापेमारी की गयी। पूछताछ में वह बांग्लादेश का निकला। पुलिस पूछताछ में युवक ने पुलिस के समक्ष कहा है कि वह गांव से ढाका गया था और ढाका से ट्रेन में सवार होकर यहां तक पहुंचा है। पुलिस को जांच के क्रम में युवक के पास से पहचान की कोई चीज नहीं मिली। युवक पेशे से मजदूर है। उसने पुलिस को बताया कि उसने बताया कि वह बांग्लादेश में ही रहकर अपने गांव तोकेपाड़ा में मजदूरी करता है। करीब 20 दिन पहले गांव के नजदीक पाबना रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठकर ढाका गया था। फिर ढाका से ट्रेन बदल-बदलकर घूमते हुए यहां चला आया। पूछताछ में उसने अपनी मां का नाम शबया, छोटे भाई का नाम ओबीद अली, बहन हुसैना लतीफा बताया, जिसकी शादी गांव में एक युवक के साथ हुई है। युवक के सारे रिश्तेदार बांग्लादेश में ही रहते हैं। अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने पर उसके खिलाफ फॉरेनर्स एक्ट, 1946, पासपोर्ट एक्ट, 1967 की अलग-अलग धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक का नाम शाबिर अली है और उसकी उम्र 40 साल है।

इस संबंध में खलारी थाना के इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने खुद प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया गया कि 31 अगस्त को सुबह करीब 5:30 बजे उन्हें सूचना मिली कि एक शख्स स्टेशन के बाहर संदिग्ध हालत में घूम रहा है। स्टेशन पहुंचकर संदिग्ध युवक के बारे में स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। तब उसे किसी ने नहीं पहचाना। इसके बाद युवक से पूछताछ की गई तो उसने खुद को बांग्लादेश का निवासी बताया। रांची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## नगर निगम सफाईकर्मी हड़ताल पर, शहर में लगा गंदगी का अंबार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पांच सूत्री मांगों को लेकर नगर निगम के सफाईकर्मियों के हड़ताल पर जाने से शहर में गंदगी ही दिख रही है। निगम की लगभग 400 छोटी-बड़ी गाड़ियां कचरा उठाव करती हैं, जो बंद हैं। अनिश्र्ितकालीन धरना में सफाईकर्मी, ड्राईवर और सुपर वाइजर शामिल हैं। सुबह से ही सफाई कर्मचारी धरना स्थल पर पहुंचने लगे थे।

हड़ताल की वजह से कूड़ा कचरा उठाव नहीं हुआ। जिससे शहर के अंदर और बीच सड़कों पर कचरा जमा हो गया है। इससे राहगीरों को काफी मुश्किल हो रही है।

अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर नगर निगम की सफाई कर्मी सोमवार से अनिश्र्ितकालीन धरना पर हैं। यह धरना रातु रोड के वेजीटेबल मार्केट के थर्ड फ्लोर में नगर निगम के खिलाफ हो रहा है। सफाईकर्मियों की संख्या ज्यादा है, जिससे धरना स्थल उनके लिए छोटा हो गया है। जिससे अधिकांश सफाईकर्मी साग सब्जियों के दुकान और रास्ते में ही बैठ गये। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि इससे हम सब को परेशानी हो रही है। नगर निगम के कर्मियों को देखकर ग्राहक वापस लौट जा रहे हैं। जिससे लोग सड़क किनारे लगने वाले बाजार से ही सब्जी खरीद ले रहे हैं।

## तमिलनाडु से आरोपी गिरफ्तार, राशि दस गुणा करने का झांसा देकर फंसाया

**रांची में 80 लाख की साइबर ठगी का पदार्फाश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के साइबर थाना में दर्ज एक मामले में पुलिस ने 80 लाख रुपये की साइबर ठगी के आरोपी को तमिलनाडु के थिरुआरुर से अशोक कुमार रवि नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने फर्जी निवेश एप्लिकेशन के जरिए लोगों को 10 गुना लाभ का लालच देकर 80 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए थे।

**साइबर ठग की चाल :** इस ठगी का शिकार लोगों को सबसे पहले फेसबुक के जरिए संपर्क किया गया, फिर उन्हें निवेश का लालच दिया गया। इसके बाद, उनके मोबाइल पर एप्प इंस्टॉल करवाया गया। एक बार झांसे में



आने के बाद, ठग ने विभिन्न बैंक खातों में निवेश के लिए राशि ट्रांसफर करवाई। आरोपी ने लेन-देन को सरल बनाने के लिए विभिन्न इंटरनेट सेवाओं का इस्तेमाल किया, जो ओटीपी को स्वचालित रूप से प्रसारित कर देते थे।

**बड़ी रकम का लेन-देन :** इस कांड में आरोपी के साउथ इंडियन बैंक खाते में 16 दिनों के भीतर 2.74 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। इस खाते के खिलाफ तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश में कुल 28 शिकायतें दर्ज हैं।

## संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय में चला नशा मुक्ति अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सोमवार को संत अन्ना बालिका स्कूल में नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर अतुल गेरा ने बताया कि कि कैसे साधारण खाँसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है। झारखंड राज्य न केवल नशीली दवाओं का उपभोग करता है, बल्कि भारी कार्रवाई के बावजूद इनका उत्पादन भी करता है। नशा करने से व्यक्ति और परिवार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के



तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है।

सीआईडी इंस्पेक्टर सरोज कुमार ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। इंटेलीजेंश ऑफिसर-एनसीबी-राकेश गोस्वामी ने उपस्थि बच्चों को नशा से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर एनसीबी-सुप्रीन्टेंडेंट ऑफ पुलिस लुंखो लाल, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका, शिक्षिका, पीएलवी सुमन ठाकुर, पम्मी देवी, पुनम देवी, सुनीता देवी, रेनु देवी, विश्वनथ एवं राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## मांडर विस क्षेत्र के इटकी ब्लॉक के सैकड़ों युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन



**झारखंड के विकास की धारा को तेज करने के लिए युवाओं की भागीदारी अनिवार्य : सुदेश महतो**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आज आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के 5, कांके रोड़, रांची स्थित आवास में मांडर विधानसभा क्षेत्र के इटकी ब्लॉक? के सैकड़ों युवाओं ने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समक्ष उनके नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर सुदेश महतो ने युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड के विकास की धारा को और तेज करने के लिए युवाओं की भागीदारी और सहयोग अनिवार्य है। हमें खुशी है कि हमारे युवा साथी आगे आ रहे हैं और अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा युवाओं के साथ खड़ी रही है और उनके अधिकारों की लड़ाई में निरंतर सहयोग करती रहेगी।

**इन्होंने सदस्यता ग्रहण की :** मनजीत प्रसाद, अंकित प्रसाद, देव कुमार, हिमांशु राज, पवन यादव, कृष्णा कुमार, भोला कुमार, राजू कुमार सहित सैकड़ों युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा द्वारा नि:शुल्क कैंसर जाँच शिविर का आयोजन 8 सितंबर को

रांची। मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा द्वारा नि:शुल्क कैंसर जाँच शिविर का आयोजन 8 सितंबर को किया जायेगा। यह शिविर मारवाड़ी भवन में आयोजित होगा। शाखा की सदस्य ज्योति अग्रवाल ने बताया कि यह शिविर पूर्णत निशुल्क होगा। यह जानकारी शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया और मीडिया प्रभारी सरिता बाथवाल ने दिया।

## प्रेमिका की पहल पर टीएसपीसी एरिया कमांडर राहुल का सरेंडर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नक्सलवाद के खिलाफ रांची पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति) के एरिया कमांडर राहुल गंझू उर्फ खलील जी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इस पर हत्या, फिरौती, और आर्म्स एक्ट समेत कुल 21 मामले दर्ज हैं। रांची के बुढ़मू, ठाकुरगांव, खलारी, सुखदेवनगर, मांडर, पिपरवार और रातू थाना में इसके खिलाफ मामले चल रहे हैं।



**प्रेमिका की भूमिका से आत्मसमर्पण :** पुलिस के मुताबिक, राहुल के आत्मसमर्पण के पीछे उसकी प्रेमिका अनिता का महत्वपूर्ण योगदान है। अनिता, जो बीए पास है, ने राहुल को समाज की मुख्यधारा में लौटने और नई जिंदगी शुरू करने के लिए प्रेरित किया। राहुल, जो सिर्फ नौवीं तक पढ़ा है, 2016 में नक्सली संगठन में शामिल हुआ था।

**2020 में बना एरिया कमांडर :** राहुल उर्फ खलिलजी 2020 में एरिया कमांडर बना। उसे उमेडंडा, बुढ़मू, खलारी, चान्हों, मांडर और रातु इलाकों की जिम्मेदारी दी गई थी, जहां वह सरकारी काम में लगे ठेकेदारों से लेवी वसूलता था। पुलिस ने उसे 2021 में गिरफ्तार किया था, लेकिन 2023 में जेल से रिहा होने के बाद वह फिर से सक्रिय हो गया था।

**टीएसपीसी में शोषण का खुलासा :** राहुल ने पुलिस को बताया कि टीएसपीसी अब केवल शोषण और लेवी वसूली का संगठन बन गया है। ग्रामीणों को बेवजह प्रताड़ित किया जाता है, जिससे वह परेशान था। उसने अपने साथियों से भी हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण करने की अपील की है। सरेंडर पॉलिसी के तहत राहुल को ओपन जेल में रखा जाएगा। उसके आत्मसमर्पण से रांची के ग्रामीण इलाकों में शांति बहाल होने की उम्मीद है।

### व्हाइट हाउस में पधारेगें गणेश जी, अमर क्लब गणेश पूजा समिति हिनू मे होगा भव्य आयोजन



रांची । अमर क्लब गणेश पूजा समिति हिनू द्वारा इस बार भव्य और विशाल भगवान श्री गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। व्हाइट हाउस के तर्ज पर एक पैलेस का निर्माण किया जा रहा है,जो की काफी खूबसूरत है। बच्चों के लिए मेले का भी आयोजन किया जायेगा। लगातार 5 दिन की पूजा में सभी दिन अलग-अलग भोग लगाया जाएगा एवं आरती के तत्प्रत भोग वितरण किया जाएगा। पहले दिन 1001 किलो का लड्डू का भोग लगाया जाएगा दूसरे दिन 1001 लीटर दूध का खीर बनाया जाएगा। तीसरे दिन खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा और चौथे दिन महाभंडारा किया जायेगा। भगवान श्री गणेश के आगमन पर जागरण का भी आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को बैठक किया गया। बैठक मे समाजसेवी मुख्य संरक्षक , उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,विनय सिन्हा दीपू और कुंदन सिंह,राखी सिंह ने किया. इस अवसर सोनू सिंह, गौरव झा , विशाल उर्फ विक्की, प्रदीप पांडेय,नितेश,संजीव , शिवेश कुमार, सरदार डीबी सिंह, अमृत सिंह, विष्णु, विशाल सिंह, भोला गोसाईं, कदर प्रधान, प्रभु, सुगंध कुमार, सूरज सिंह, चंदन कुमार, गोलू कुमार, मंटू यादव, टेनी कुमार, , संजीत कुमार, विनोद , संजय चौरसिया, पपली ओझा, गुड्डू यादव, आशीष गोस्वामी, सुजल, गोलू सिंह ,विकास गोस्वामी और आकाश कुमार मौजूद थे।

## पीएम मोदी के आगमन के साथ ही भाजपा कोल्हान से करेगी चुनावी शंखनाद

**चंपाई के साथ विधानसभा चुनाव 2024 को भाजपा बनायेगी खास**

**15 को पीएम मोदी देंगे का कोल्हान से कई वंदे भारत की सौगात**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अगले एक डेढ़ महीने में झारखंड के लिए असेंबली इलेक्शन की घोषणा होनी है। इसी बीच 15 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी जमशेदपुर में होंगे। उनके द्वारा जमशेदपुर से अलग अलग रूट के लिए वंदे भारत ट्रेन की सौगात दिए जाने की बात कही जा रही है। कोलहान आगमन पर कई योजनाओं के शिलान्यास के साथ ही वे दो वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। कोल्हान क्षेत्र को पहली बार एक साथ दो वंदे भारत ट्रेन मिल रही है, जो बड़ी बात है। पर इसके साथ ही विधानसभा चुनाव से पहले उनका झारखंड आना चुनावी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह कहा जा रहा कि मोदी के आगमन के साथ ही भाजपा कोल्हान से ही चुनावी शंखनाद करेगी। मोदी कई घोषणाएं करेंगे। खासकर तब जब पूर्व सीएम और कोल्हान टाइगर कहे जाने वाले चंपाई सोरेन अब भाजपाई हो चुके हैं। ऐसे में मोदी के कोल्हान प्रोग्राम को लेकर सियासी कयास भी शुरू है।

**कोल्हान में कमल खिलाने की कवायद :** पिछले कुछ दिनों में झामुमो से दो बड़े नाम बाहर हुए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बड़े नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन तथा पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम भी भाजपा में आ चुके हैं। इससे पता चलता है कि इस बार भाजपा के लिए खासकर कोल्हान की लड़ाई महत्वपूर्ण है।

### टेक उदय 2.0 - वार्षिक टेक फेस्ट में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दिल्ली में 31 अगस्त, को आयोजित टेक उदय 2.0 वार्षिक टेक फेस्ट में अपनी अमिट छाप छोड़ी। कक्षा 12वीं के अतिशय सिंह ने टेक टॉक वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 8वीं के वत्सल आर्य और सलज शेखर ने जूनियर श्रेणी के लाइन फॉलोअर रोबोट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं के अमृत राज पांडेय, श्लोक सिंह और कनव सिंह ने भी माइनक्राफ्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी तकनीकी कुशलता की सराहना की, जो 21वीं सदी के शिक्षार्थियों के लिए एक अनिवार्य गुण है।

## राज्य सरकार द्वारा किए गए वादों का हिसाब मांग रही है जनता : आजसू पार्टी

**जन जागरण पदयात्रा का राज्य के विभिन्न पंचायतों में हुआ आयोजन**

**बॉयोडाटा संग्रह अभियान से लगातार जुड़ रहे हैं राज्य के युवा**




खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी द्वारा राज्यभर में जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से पार्टी के विधानसभा प्रभारी और पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में पदयात्रा और जनसभाओं का आयोजन किया जा रहा है। आज भी प्रदेश भर के अलग अलग पंचायतों में जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया गया। पिछले चुनाव के दरमियान सरकार ने जनता से कई वादें किए थे लेकिन उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से आजसू पार्टी पूरे नहीं हुए उन वादों से जनता को अवगत कराने का काम कर रही है।

पार्टी पदाधिकारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य राज्य और राज्यवासियों का विकास होता है लेकिन वर्तमान सरकार ने अपने ही लोगों को ठगा है। सरकार को अपने दायित्व का ही बोध नहीं है। झूठे वादों के सहारे सरकार सत्ता तक तो पहुँच गई। लेकिन इन पांच सालों में जनता के बीच अपने होने का एहसास भी नहीं करा पाई है। पंचायत से लेकर सचिवालय तक हर सरकारी कार्यालय भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है। भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। भ्रष्टाचार ने अबुआ आवास को बबुआ आवास बना दिया है। आवास गरीब जरूरतमंद को नहीं जिनके जेब में पैसे हैं उन्हें मिल रहा है। स्वास्थ्य सेवा अधिनियम को लागू कर सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज उपलब्ध करने का वादा करने वाली सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल बेहाल कर दिया है। झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था आज खाट के भरोसे चल रही है। हम हेमंत सरकार के झूठे वादों को जन जन तक पहुँचा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी द्वारा पांच साल पहले किए गए वादों को हम वीडियो के जरिए जनता के सामने रख रहे हैं। जनता सरकार से नाराज है।

### बॉयोडाटा संग्रह अभियान से लगातार जुड़ रहे हैं राज्य के युवा

युवा आजसू द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं का डेटा इकळा करने के लिए चलाए जा रहे बॉयोडाटा संग्रह अभियान को युवाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। राज्य के युवा बॉयोडाटा संग्रह अभियान से लगातार जुड़ रहे हैं। युवा इस अभियान से जुड़ने के साथ ही अपने साथियों को भी इस अभियान से जोड़ रहे हैं। युवा आजसू के पदाधिकारियों और स्थानीय युवाओं द्वारा राज्य के हर प्रखंड में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान से जुड़ रहे युवाओं ने कहा कि सरकार ने पिछले पांच सालों में युवाओं के हित के लिए कोई काम नहीं किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद आज राज्य के युवा नौकरी और रोजगार न होने के चलते पलायन को विवश हैं। युवा एकजुट होकर इस सरकार को सत्ता से हटाने का काम करेंगे।

### अधिवक्ता परिषद् की जमशेदपुर जिला इकाई का पुनर्गठन

रांची। अधिवक्ता परिषद् जमशेदपुर जिला इकाई की बैठक सोमवार को चन्द्र प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख राजेन्द्र कुमार मिश्र, परिशद् के मार्गदर्शक सह राज्य विधिज्ञ परिषद के अध्यक्ष राजेन्द्र कृष्ण, प्रदेश मार्गदर्शक चन्द्र भूषण ओझा,प्रान्तीय उपाध्यक्ष बी.उमा कामेश्वरी , प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी नीता कृष्णा, प्रदेश संगठन आयाम सदस्य हराधन प्रमाणिक विशेष तौर पर उपस्थित हुए। अमित कुमार सिंह ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख ने सत्र 2024-27 की पुनर्गठित समिति की निम्नलिखित घोषणा की जिसमें संरक्षक मण्डल सदस्यगण सर्वश्री सुनील कुमार स्वाईन व प्रमोद पाठक, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिन्हा,कोषाध्यक्ष विनय पान्डे ,महामंत्री श्रीयुत श्रीराम सरोज,मंत्री व संगठन आयाम सह संयोजक प्रवीण कुमार,मंत्री व लिटिगेशन आयाम सह संयोजक कृष्णकान्त उपाध्याय सहित अन्य लोगों का मनोनय किया गया है।

स्पीड न्यूज

### हाथियों ने मचाया उत्पात

**सोनाहातू।** प्रखंड कोंकाडीह सावडीह, पापरीदा गांव में रविवार रात 25 से 30 की संख्या में तीनों गांव में घूम घूम कर फसल को नष्ट किया। गांव के किसान आनंद महतो, कर्मा महतो ,ठंडा देवी, अरुण महतो, शम्भु महतो, पंकज महतो ,जयसिंह महतो ,जयपाल महतो, सुरांदो महतो, बाजन महतो, मनसा महतो, मांडार महतो ,गुरवा महतो, प्रह्लाद महतो, डोमन महतो, गमा देवी, के फसल नष्ट हुआ है। 15 से 20 एकड़ मे लगे धान को रौंद दिया है। उत्पात की सूचना पर हाथी मित्र मालखान महतो और गंझू महतो गांव के खेत पहुंच कर नुकसान की जानकारी लिए। वन विभाग से बात करके जल्द मुआवजा दिलाने का बात किया । फोटो – फसल नुकसान को दिखाता किसान

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी सेवा शुरू

**इटकी।** इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को ओपीडी सेवा दंत चिकित्सक डॉ राजीव रंजन की देख रेख में शुरू किया गया। ओपीडी में मरीजों को मौसमी रोगों का इलाज कर केंद्र में उपलब्ध दवा उन्हें दिया गया। इधर पेंशनर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर का अभिनन्दन करते हुए इटकी के लिए नियमित रूप से एक महिला डॉक्टर सहित दो डाक्टर के पदस्थापन करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की अपनी मांग रखी। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 30 जुलाई को डॉ सुनील जार्ज कंडूलना का स्थानान्तरन उक्त केंद्र में किया गया था, किंतू अबतक उनके द्वारा इस केंद्र में योगदान नहीं दिया गया है।

### केसीबी कॉलेज बेड़ो में इंटर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**बेड़ो।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में सोमवार से इण्टरमीडिएट प्रथम वर्ष में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संदर्भ में रांची विश्वविद्यालय रांची के द्वारा जारी की गई अधिसूचना के तहत महाविद्यालय के कार्यालय से एक सूचना निर्गत की गई। दर्जनों विद्यार्थियों ने सोमवार को नामांकन फार्म खरीदा। वहीं मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद विद्यार्थियों का नामांकन शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। इधर महाविद्यालय में इंटर प्रथम वर्ष के तीनों संकाय कला, वाणिज्य व विज्ञान में नामांकन शुरू होने से पूरे क्षेत्र में अभिभावकों, विद्यार्थियों व शिक्षाप्रेमियों के बीच हर्ष व्याप्त है। वहीं नामांकन शुरू होने से सुदूरवर्ती गांवों के ग्रामीणों ने राहत का सांस लिया है।

### सड़क हादसे में एक ऑटो चालक घायल

**मांडर।** एन– एच 39 मुख्य पथ पर स्तिथ हेशमी मोड़ के निकटसोमवार दोपहर दो बजे हुए सड़क हादसे में एक ऑटो चालक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चान्हो थाना क्षेत्र के चोड़ा गांव निवासी 45 वर्षीय ऑटो चालक रज्जाक अंसारी ऑटो लेकर बीजूपाड़ा से मांडर की ओर जा रहा था। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट सड़क पार कर रहे एक स्कूली बच्चों को बचाने के क्रम में ऑटो चालक असंतुलित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद तत्काल उसे लोग लेकर रेफरल अस्पताल मांडर आए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। हादसे में स्कूली बच्चे को भी हल्की चोट लगी है।

### मारुति मंगल परिवार का 22 से होगी मेगा फुटबॉल प्रतियोगिता

**रातू।** मारुति मंगल परिवार का मेगा फुटबॉल प्रतियोगिता 22 सितंबर से होगी। इसमें 16 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के सभी मैच तिगरा टिकराटोली मैदान में खेले जायेंगे। विजेता टीम को 3,33,333 लाख का पुरस्कार दिया जायेगा। जबकि, उप विजेता को 2, 22,222 लाख दिये जायेंगे। वहीं, तीसरे और चौथे स्थान आने वाली टीम को क्रमशः 44, 444 तथा 33, 333 हजार मिलेंगे। प्रवेश शुल्क 25 हजार रुपये है। इस आशय का निर्णय केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो की अध्यक्षता में आयोजित परिवार के पदधारी, सदस्य, बुद्धिजीवी, महिला व ग्रामीणों की सोमवार को हुयी बैठक में लिया गया।

# जान जोखिम में डाल कर बच्चे जाते हैं स्कूल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू ।** प्रखंड के जामुदाग पंचायत के दो गांव मगनडीह और हेसाहातू में 40 से 50 बच्चे जामुदाग हाई स्कूल में पढ़ते है। गांव से स्कूल जाने के दो रास्ते है। एक रास्ता इडकु होकर जाता है जिसमें 7 किलोमीटर दूरी तय कराना पड़ता है। दूसरा रास्ता मगनडीह गांव के सामने एक सतीया नाला पड़ता है जिसे पार कर स्कूल पहुंचने में डेढ़ किलोमीटर दूरी तय कराना पड़ता है। स्कूल के बच्चे इसी रास्ता को आने जाने के लिए पसंद करते हैं।रास्ता जोखिम पर खतरा से भरा हुआ हैं। बरसात के दिनों में सतिया उफान में रहता है। उफान के बीच बच्चों का आना जाना जारी रहता है। बरसात में तीन माह सतीया में कमर भर पानी रहता है।जोखिम और खतरा के बीच अभिवावक भी डरे सहमे रहते है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अभिभावकों ने गुहार लगाई है की सातिया में पुलिया निर्माण हो जाने से सहूलियत होगी।



जान जोखिम में डाल कर स्कूल जाते बच्चे

# सड़क हादसा में एक युवक की मौत, एक घायल रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के खिरदा मोड़ के समीप सोमवार की रात लगभग साढ़े सात बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार दो युवकों में से एक की की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बेड़ो थाना क्षेत्र के खिरदा गांव निवासी 21 वर्षीय अमृत तिर्की पिता जोसेफ तिर्की के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय युवक डेविड कुजूर पिता लॉरेंस कुजूर बेड़ो थाना क्षेत्र के खिरदा गांव निवासी है। इधर ग्रामीणों ने बेड़ो पुलिस व 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां



अमृत तिर्की का फाइल फोटो।

डा मेघा भगत ने गंभीर रूप से घायल युवक अमृत तिर्की को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं डेविड कुजूर का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर घायल के स्वजनों ने बताया कि दोनों युवक बेड़ो से अपने घर जा रहे थे। वहीं घटना की सूचना मिलने पर ईंटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा,तंजीर हुसैन व बेड़ो थाना के एसआई अनिल टोप्पो अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लिया। वहीं बेड़ो पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। जिसे मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा।

### अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो दो महिलाएं समेत 3 बच्चे घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर सोमवार की अपराह्न लगभग डेढ़ बजे अनियंत्रित होकर एक सवारी ऑटो नं जेएच 02 डब्लू 3906 के पलटने से ऑटो में सवार दो महिलाएं समेत तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बुटी मोड़ रांची निवासी 29 वर्षीय प्यारी देवी पति स्व रामविलास लोहरा और 5 वर्षीय पुत्र कार्तिक लोहरा व 1 वर्षीय शिवा लोहरा वही भंडरा लोहरदगा निवासी 20 वर्षीय आशिया खातून पति एनामुल अंसारी और 6 वर्षीय पुत्र अफसर अंसारी है। जिन्हें ग्रामीणों ने ऑटो चालक के सहयोग से पांचों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा कुसुमलता की देखरेख में पांचों घायलों का इलाज किया गया। घायल प्यारी देवी ने बताया कि वे सभी रांची से ऑटो में सवार होकर बेड़ो बैंक आ रहे थे। तभी ऑटो के तेज गति होने के कारण असंतुलित होकर पलट गया।

### रातू : ट्रक के धक्के से बाइक सवार घायल

**रातू।** थाना क्षेत्र के बेलांगी स्थित पेट्रोल पंप से तेल लेकर मांडर जा रहे बाइक बीआर-14 एच 5253 पर सवार युवक को समान दिशा से जा रहे उड़ीसा नंबर के ट्रक ओडी 04 एन 2929 ने धक्का मार दिया। इससे उसका एक पैर क्षतिग्रस्त हो गया। परिजनों ने उसे कांके ब्लॉक स्थित डॉ शंभू सिंह मेडिकल में भर्ती कराया है। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है। ट्रक भी जब्त कर ली गयी है। घटना सोमवार शाम करीब सवा पांच बजे की है। जानकारी के मुताबिक, युवक की उम्र 30 वर्ष होगी। वह सब्जी लेकर साप्ताहिक मखमंदरो बाजार आया था। सब्जी बेचने के बाद उसने मीठ खरीदी और गाड़ी की डिक्की में रखा। बाजार से निकला, तो बाइक में तेल खत्म हो गया। वह पंप से पेट्रोल लेकर निकल रहा था। इसी बीच मांडर की ओर जा रहे उक्त ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

संगठित अपराध पर अंकुश के लिये अनूठी पहल

## मकान मालिकों को किराये दार की देनी होगी विवरणी

- चलाये जा रहे प्रचार अभियान
- थाने में जमा करने होंगे प्रमाण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में संगठित अपराध के बढ़ने से न केवल लोगों की मुश्किलें बढ़ी है। बल्कि, पुलिस भी त्रस्त है। नवपदस्थापित थानेदार रामनारायण सिंह ने इस पर अंकुश लगाने की अनूठी पहल की है। मकान मालिकों को अब अपने किरायेदार से विवरणी लेकर थाने में जमा करना अनिवार्य है। इसके लिये उन्हें दस दिनों का समय दिया गया है। लाउडस्पीकर के जरिये प्रचार अभियान चलाये जा रहे हैं। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आयेगी। श्री सिंह के प्रयास की प्रशंसा की जा रही है।

**जानें क्या है मामला :** डेवलपिंग क्षेत्र होने के कारण लगातार आबादी बढ़ रही है। इसके अनुपात में चोरी भी हो रही है। अपराध कर्मी बंद घर को निशाना बना रहे हैं। अनुभव बताते हैं कि कई किरायेदार की अपराधिक पृष्ठभूमि है।आशंका है कि वह घटना को अंजाम देने के बाद कुछ दिनों के लिये बाहर चले जाते हैं और पड़ोसियों को उन पर शक भी नहीं होता है।

**दस्तावेज से होगा सत्यापन :** श्री सिंह ने पत्रकारों को बताया कि किरायेदार, घर मालिक को अपने मूल आवासीय पते का आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड, बिजली बिल, पैन कार्ड व बैंक पासबुक की छाया प्रति देंगे। वह उसे थाने में जमा करेंगे। इसके बाद उसका सत्यापन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे पुलिस की परेशानी कम होगी।

## संडे ड्यूटी बंद किए जाने को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा व संयुक्त श्रमिक संगठन ने डकरा में की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना के कामगारों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा संडे ड्यूटी बंद किए जाने को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा और संयुक्त श्रमिक संगठन ने सोमवार को डकरा वीआईपी सभागार में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता रैयत विस्थापन मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता एवम संचालन रामलखन गंझु ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पुरनाडीह प्रबंधन जानबूझकर सन्डे ड्यूटी बांटकर दे रहा है। जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। प्रबंधन के अकर्मकता के कारण परियोजना में जमीन की समस्या उत्पन्न हुई है। जिसका टिकारा मजदूरों के सिर पर फोड़ा जाना गलत है। यूनियन नेताओं ने कहा संडे ड्यूटी नहीं देकर प्रबंधन मजदूरों का आर्थिक नुकसान करने में लगी है। जिससे किसी भी हालत में बर्दास्त नही किया जाएगा। आने वाले संडे के पूर्व प्रबधन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो सारे कामगा सामुहिक अवकाश पर रहेंगे। वहीं विस्थापित नेताओं ने भी कहा कि रैयत के साथ प्रबंधन का ऐसी व्यवहार रहा तो सीसीएल को खदान चलाने के लिए रैयत जमीन देने में सौ बार सोचेंगे। जिन लोगो के जमीन पर खदान चल रही थी उनके वेतन में कटौती होना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बाद सभी लोगों ने चट्टानी एकता को बनाये रखने और संवैधानिक तरीके से आगे के आंदोलन में पूरी सहभागिता निभाने की बात कही। इस मौके पर प्रेम कुमार, डीपी सिंह, कृष्णा चौहान, गोल्डन यादव, जगरनाथ महतो, रंथु उरांव, देवपाल मुंडा, संजय प्रसाद, नरेश गंझू, विनय खलखो, अमृत भोगता, जालिम सिंह, प्रभाकर गंझू , कन्हाई पासी,अशोक राम,तौफिक अंसारी, आरएस परिहार, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# छात्रों ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रांची के होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के टाना भगत स्टेडियम में रविवार को आयोजित कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने प्रखंड व जिले का नाम गर्व से ऊंचा किया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने अपनी शानदार प्रतिभा व बुलंद हौसले का परिचय देते हुए एक गोल्ड मेडल एवं एक रजत पदक जीते। मुख्य संरक्षक विमल आनंद नाग ने बताया कि आगामी स्टेट चैंपियनशिप में जिन बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है इनमें से पांच छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर खेली जाने वाली प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह पहल बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमताओं को साबित करने का एक बेहतरीन मौका प्रदान करेगी। वही बच्चों के बीच इवेंट में फाइट टेक्नीक के दो राउंड हुए





जिसमें बच्चों ने स्वर्ण और रजत पदक के साथ प्रमाण पत्र जीते। इस शानदार सफलता के साथ ही स्कूल ने रांची जिले में बेड़ो की ओर से कराटे के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। छात्रों की इस सफलता के पीछे उनके मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राज कूपर और सुरेंद्र साहू की कड़ी मेहनत व लगन ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहां 13 से 15 साल के बच्चों में कक्षा छह की स्वेता टोप्पो ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं कक्षा चार के सादिक अंसारी ने 9 से 12 साल के बच्चों में रजत पदक मिला। वहीं डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की इस उपलब्धि पर प्राचार्य कैलाश कुमार ने बच्चों के प्रशिक्षक राज कूपर और सुरेंद्र साहू को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद किया। साथ ही बच्चों की इस उपलब्धि पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की है और स्कूल की टीम को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही विजेता बच्चों को स्कूल की ओर से पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

एक नजर में

### आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार का शिविर मायापुर पंचायत में लगा

**खलारी।** आपकी योजना आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन खलारी प्रखंड के मायापुर पंचायत के सखुआ टॉंड में किया गया। पूरे कार्यक्रम का अध्यक्षता खलारी आँचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ ने किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष साबिर अंसारी ने किया। कार्यक्रम में कल्याण विभाग से गोपाल रामदास, प्रखंड समन्वयक असित कुमार,कनीय अभियंता रवि रंजन कुमार,प्रवीण उरांव,शिक्षा विभाग से शर्वरी नाथ चौरसिया एवम मनोज कुमार मिश्रा,महिला पर्यवेक्षिका सरिता लकड़ा,प्रखंड समन्वयक पेयजल स्वच्छता एवम प्रमोद कुमार,दीपांकर कुमार,लिपिक आनंद प्रवीण एवं शैलेश कुमार,जेएसएलपीएस बी.पी.एम राम अवतार महतो, शांति देवी, राजू कुमार,पीएमएवाई से किशोर कुजूर, आंचल से कर्मचारी असित शाहदेव, शिवम श्रीवास्तव, पच्चू मुंडा एवं विकास कुमार, अमीन कृष्णा तिर्की,बिजली विभाग पप्पू,,प्रज्ञा केंद्र आशीष कुमार, बीटीएम विकास प्रीति रंजन तिर्की, मेडिकल टीम से सुमित कुमार, पूनम कुमारी मुंडा,कंप्यूटर संचालक सूरज कुमार,नवीन योगेश प्रसाद योगेश,विजय कुमार गुप्ता,सतीश कुमार, राजू कुमार , सहित सभी विभागों के अधिकारी एवम कर्मचारी अर्जुन प्रतिनिधि में पंचायत समिति सदस्य मेनका देवी,कांग्रेस जिला नेत्री इंदिरा देवी एवं अन्य जनप्रतिनिधि समाजसेवी उपस्थित थे। इस शिविर में प्राप्त आवेदन 482 जमा किया गया। अथवा वितरित परिसम्पत्ति एवं आवेदन निष्पादन 300 लोगो को किया गया। वही आपकी योजना आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम बुकबुका में सुनिश्चित किया गया है। उक्त जानकारी प्रखण्ड समन्वयक पदाधिकारी असित कुमार ने दिया।

### खलारी सीओ व मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने सयुक्त रूप से अवैध बालू भंडारण पर की कार्वाई



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र के जंगलों में अवैध बालू का भंडारण अथवा संचालन में लिप्त लोगो पर खलारी आँचलाधिकारी व मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने कसा शिकंजा। खलारी आँचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ को लगातार मिल रही गुप्त सूचना के आधार पर सीमावर्ती दामोदर नदी तट के जंगलों में अवैध बालू का भंडारण अथवा संचालन करने वाले के विरुद्ध करवाई किया। इस दौरान खलारी सीओ ने मैक्लुस्कीगंज पुलिस पुअनि राकेश कुमार व जिला बल के साथ सयुक्त रूप से अगरवा जंगल में अवैध बालू भंडार को सीज करकरे अग्रतर कार्वाई किया। सीओ ने बताया कि लगभग 400 सीएफटी बालू अथवा अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया।

### ईट व्यवसाय के घर मे अज्ञात हमलावर घटना का अंजाम देने पहुंचा, शोर मचाने से जंगल की ओर भागा

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालोंग में ईट भट्ठा व्यवसायी के घर के अंदर घुसा अज्ञात हमलावत, व्यवसायों में दहसत का माहौल व्याप्त है। जानकरी के अनुसार सोमवार की सुबह एक अनजान व्यक्ति ईट भट्ठा व्यवसायी श्याम प्रसाद साहू के घर के अंदर घुस कर कुआं के तरफ घटना का अंजाम देने की फिराक में था। इसी दौरान श्याम का बड़ा भाई अभिषेक साहू ने घर का दरवाजा खोल कर कुंआ की ओर गया, तो देखा कि एक अनजान व्यक्ति मुँह बांधे खड़ा था। अनजान व्यक्ति से पूछने पर बताया कि हम यही सो गए थे। इतना कहते ही चकमा देकर अनजान नकाबपोश युवक भगाने लगा। बड़ा भाई को अनहोनी का अंदेशा होने पर चिलाने लगा। उसके बाद गांव वालो के द्वारा पीछा किया गया। लेकिन अज्ञात युवक के पास हथियार का अंदेशा होने पर पीछे हट गए। अज्ञात नकाबपोश युवक डुमरो जंगल की ओर भागने में सफल रहा। व्यसायी ने मैक्लुस्कीगंज थाना में घटना का शिकायत दर्ज किया गया। बताना चाहते है कि ईट व्यवसायी के बड़े पिताजी स्व मदन साहू व हरक साहू की हत्या अपराधियों के द्वारा घर के पास ही किया गया था।

### नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन

**मांडर।** संत अन्ना कोन्वेंट स्कूल में सोमवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशा मुक्ति सेमिनार ( से टू नो ड्रग्स ) का आयोजन किया गया। सेमिनार में राकेश कुमार गोस्वामी ( इंटेलिजेंस ऑफिसर , एनसीबी), ब्लड मैन ऑफ झारखण्ड कहे जाने वाले अतुल गेरा, लुनखो लाल ( सुपरिटेंडेंट ऑफ एनसीबी), सीआईडी ऑफिसर सनोज और विद्यालय की प्राचार्या सि अलेक्सिया बेक तथा टीचर्स व बच्चे शामिल हुए। सेमिनार के शुरूआत में अतुल गेरा ने बच्चों को नशा एवं उससे होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि नशा की लत पूरे जीवन को बर्बाद कर देता है, इससे बचते हुए समाज को भी बचाना है। घर का एक व्यक्ति भी अगर नशा करता है तो इसके चपेट में पूरा परिवार आ जाता है। राकेश कुमार गोस्वामी ने नशे की लत, कारण, लक्षण, नशे से दूर रहने के उपाय एवं इसके दुष्प्रभावो की विस्तृत जानकारी दी। कोर्ट के अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने ड्रग्स से संबंधित कानूनी जानकारी तथा दण्ड विधान की जानकारी दी।मौके पर मौजूद स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपने मन में आए सवालों को पूछा और जानकारी हासिल किया ।

### डायवर्सन के बह जाने से छात्रों को बढ़ी परेशानी

**मांडर।** प्रखंड के वीरगोड़ा नदी में निमार्णाधीन पूल के बगल में बनाए गए डायवर्सन के बह जाने से छात्रों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना लगातार पड़ रहा है। छात्रों को दूसरे रास्ते से भेजने को लेकर मांडर विधायक द्वारा दो बसें मुहैया कराई गई थी। इन बसों में से एक का डीजल सोमवार को आधे रास्ते में ही खत्म हो गया और वह बस वहीं खड़ी हो गई। एक बस को खड़ा देख दूसरे बस ने भी अपनी बस को वहीं पर रोक दी। इससे बस में सवार दर्जनों बच्चे अपने स्कूल में एक विषय की परीक्षा देने से वंचित रह गए। बस में डीजल खत्म हो जाने की सूचना मिलते ही बच्चों के अभिभावक वहां पहुंचे और पैसे जमा कर बस में डीजल भरवारा, इसके बाद दोनों बसों से बच्चे अपने-अपने स्कूलों तक पहुंचे। बताते चलें कि 30 जुलाई को इस नदी पर बनाया गया डायवर्सन बाह गया था। उस दिन के बाद से ही क्षेत्र के लगभग 1500 विद्यार्थियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय आने जाने की उनकी दूरी में 8 से 10 किलोमीटर का इजाफा हो गया है।

### डाक टिकट अन्य सामग्रियों का प्रदर्शन

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, में सोमवार को भारतीय डाक विभाग के द्वारा डाक टिकट व इससे संबंधित अन्य सामग्रियों का प्रदर्शन महाविद्यालय के सभागार कक्ष में किया गया। इसका उद्घाटन राँची जीपीओ के सीनियर पोस्ट मास्टर एस गोराइं ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर एस गोराइ ने कहा कि जो स्थान डाक सेवा को मिलना चाहिए वह आज तक संभव नहीं हो पाया है। आवश्यकता इस बात की है कि डाक विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में लोगो को जागरूक किया जाय। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि लिखित संदेशों के संम्प्रेषण की आवश्यकता की पूर्ति के लिए शुरू की गयी डाक सेवा आज कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रहा है। अतः हम सभी का दायित्व है कि इस प्रतिस्पर्धा के दौर से उबारने में तथा इसे मुख्य धारा में लाने के लिए हम सभी का सहयोग अपेक्षित है। शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या डॉ॰ दीपाली पराशर ने कहा कि डाक विभाग हमे संचार का सस्ता साधन उपलब्ध कराती है, बचत को प्रोत्साहन देती है, कम दर पर धन को सुरक्षित स्थान पर भेजती है, तथा पत्रकारिता शिक्षा को बढ़ावा देती है।

